श्यामा संग यारी हो गई

श्यामा संग यारी हो गई, श्यामा निभा देना,
तुम नंद के नंदलाला हो, ग्वालों के संग आ जाना...

कुंज बिहारी मिल गए, मेरे मन को भा गए.....-2
आंखों में लाली आ गई, दिल धक – धक करने लगा,
तुम नंद के नंदलाला हो……

वृंदावन में बंसी बाज रही, टंकार तीनो लोक गई....-2
बंसी की हुई दीवानी मैं, मस्ताने बन आ जा,
तुम नंद के नंदलाला हो.......

दीवानगी ने गुल खिलाया, दुनिया भूल गई मैं....-2
मुझे श्याम से मिला के , खुल गया किस्मत का ताला,
तुम नंद के नंदलाला हो.......

मोहन के नैनन बाणो ने मन को उलझा दिया... -2
दिल मेरा ले लिया है, उसे वापिस ना करना,
तुम नंद के नंदलाला हो.......

मैं पगली दीवानी हो गई, श्यामा ने थाम लिया...-2
मेरे कुंज बिहारी आ गए, उन्हें जाने ना देना,
तुम नंद के नंदलाला हो.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23268/title/shyama-sang-yaari-ho-gayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |